भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1642
उत्तर देने की तारीख 13 फरवरी, 2023
सोमवार, 24 माघ,1944 (शक)

जनजातीय युवाओं को कुशल बनाने के लिए प्रायोगिक परियोजना

1642. श्री रमेश चन्द्र माझी:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में जनजातीय युवाओं को कुशल बनाने के लिए एक प्रायोगिक परियोजना आरम्भ करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) इस परियोजना के अंतर्गत स्वीकृत की जाने वाली संभावित धनराशि और निर्धारित किए जाने वाले संभावित लक्ष्य का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस परियोजना के अंतर्गत कितने राज्यों को शामिल किए जाने और इसे कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है?

उत्तर
कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री
(श्री राजीव चंद्रशेखर)

(क) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई)ने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी), जो मंत्रालय की कार्यात्मक शाखा है,के माध्यम से मई 2022 में प्रायोगिक तौर पर ग्रामीण उद्यमी परियोजना नामक एक विशिष्ट बहु-कौशल परियोजना शुरू की है, जिसका उद्देश्य जनजातीय समुदायों के समावेशी और सतत विकास के लिए बहु-कौशल प्रशिक्षण को बढ़ावा देना है। अब तक, यह परियोजना 3 जिलों अर्थात भोपाल (मध्य प्रदेश), रांची (झारखंड) और गुमला (झारखंड) में कार्यान्वित की गई है और 497 उम्मीदवारों को प्रमाणित किया गया है।

(ख) और (ग) मंत्रालय ने इस परियोजना के लिए अलग से कोई निधि अनुमोदित नहीं की है। इस परियोजना को एनएसडीसी द्वारा वित्त-पोषित और कार्यान्वित किया गया है। अब तक, एनएसडीसी ने इस परियोजना को केवल राजस्थान के भोपाल जिले और झारखंड के रांची एवं गुमला जिलों में कार्यान्वित किया है।

****